# ATMS COLLEGE OF EDUCATION

*(Affiliated to Chaudhary Charan Singh University, Meerut & Recognized by NCTE)*

**College Code : 417**


दिनाँक: 27–02–2025

## आवश्यक सूचना

बी.0एड.0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि आपके परीक्षा फार्म चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ (उ0प्र0) के पत्रांक संख्या बी0एड़0 परीक्षा/4133 दिनौंक 25–02–2025 में वर्णित निर्देशों के अनुक्रम में भरवाने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है परीक्षा फार्म सम्बन्धित समस्त दिशा निर्देश उक्त सूचना के साथ संलग्न है। परीक्षा फार्म सही एवं पूर्ण रूप से भरने सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए आप किसी भी कार्यदिवस में महाविद्यालय के रजिस्ट्रार ऑफिस अथवा विभाग में श्रीमति अमिता शर्मा जी (विशेषता: प्रथम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थी अपने शिक्षण विषयों एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी वैकल्पिक विषय के चयन) से संपर्क कर सकते हैं। ऐसे विद्यार्थी जो कि बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश से पूर्व किसी अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं अपनी पूर्ववर्ती विश्वविद्यालय से प्रवजन प्रमाणपत्र (Migration Certificate) प्राप्त कर लें जिससे कि आपकी नामांकन सम्बन्धित प्रक्रिया को पूर्ण किया जा सके।

**नोट: यदि आप पर महाविद्यालय का किसी भी प्रकार का शुल्क बकाया है तव उक्त शुल्क भी जमा कराने का कष्ट करें।**

Principal 27/02/25
ATMS College of Education
कॉलेज ऑफ एजूकेशन

संलग्नक:

1 बी0एड0 परीक्षा फार्म सत्र 2024–25 के लिए चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा पत्रांक संख्या बी0एड़0 परीक्षा/4133 दिनांक 25–02–2025 में जारी दिशा निर्देश

प्रतिलिपि:–

1 समस्त बी0एड0 संकाय सदस्य
2 सूचनापट्ट
3 आई0टी0 विभाग महाविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु


**Campus : NH-09, Nizampur Tiraha, Hapur Bypass, Achheja, Hapur-245101 (U.P.)**
**Website: https://www.atms.ac.in E-mail: atmshapur@gmail.com Mobile: 7088701113, 8266060250, 51, 52, 53**

# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY,MEERUT
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : बी0एड0 परीक्षा/4133
दिनांक : 25.02.2025

## विज्ञप्ति

01. एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी (उ0प्र0) द्वारा आयोजित बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सत्र 2024–26) में सम्मिलित काउन्सलिंग एवं विश्वविद्यालय पोर्टल पर अल्पसंख्यक संस्थानों में पंजीकृत (बी0एड0/स्पेशल बी0एड0) के माध्यम से चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित छात्रों के प्रथम वर्ष एवं पूर्व में निम्नांकित सत्रों से सम्बन्धित प्रथम, द्वितीय, बैक तथा भूतपूर्व विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म निम्नलिखित तिथियों में विश्वविद्यालय के ऑन लाईन पोर्टल पर उपलबध लिंक https://annual.ccsuniversityweb.in पर भरवाये जायेंगे। यदि विद्यार्थियों को कोई समस्या आती है तो सहायता हेतु दूरभाष नम्बर 9258933900, 9560014153 व 9560014163 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

01. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2024–2026) प्रथम वर्ष मुख्य परीक्षा 2025 से सम्बन्धित विद्यार्थीयों हेतु।
02. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2023–2025) द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा एवं प्रथम वर्ष बैक एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों हेतु।
03. बी0एड0/स्पेशल बी0एड0 सत्र (2022–2024) प्रथम/द्वितीय वर्ष केवल भूवपूर्व विद्यार्थियों हेतु।

यदि कोई विद्यार्थी उपरोक्त से इतर सत्र का परीक्षा फार्म भरता है तो वह स्वत: ही निरस्त समझा जायेगा।

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने व परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु तिथि | 27.02.2025 से |
| परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि : | 18.03.2025 तक |
| परीक्षा फार्म बिलम्ब शुल्क रूपये 500/– से भरे जाने की अन्तिम तिथि: | 19.03.2025 से 20.03.2025तक |
| विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करने की तिथि : | 28.02.2025 से 21.03.2025 तक |
| परीक्षा फार्मों को महाविद्यालय द्वारा सत्यापित/कन्फर्म करने की तिथि: | 28.02.2025 से 23.03.2025 तक |
| सत्यापित फार्मो की रोल लिस्ट महाविद्यालयों की बेबसाइट/ई–मेल पर ऑन लाईन प्रेषित करने की तिथि: | 24.03.2025 से 26.03.2025 तक |

भरे गये परीक्षाफार्म एन0आर0, शैक्षिक व जाति प्रमाण पत्र सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की जनपद बार तिथि

| | |
|---|---|
| (बागपत व गाजियाबाद) : | 27.03.2025 |
| (बुलन्दशहर व गौतमबुद्ध नगर) : | 28.03.2025 |
| (हापुड व मेरठ) : | 29.03.2025 |
| बिलम्ब शुल्क के साथ जमा करने की (प्रति फार्म 500/–के साथ ) तिथि: | 01.04.2025 |

**महत्वपूर्ण अनुदेशः–**

01 परीक्षायें माह मई, 2025 के प्रथम/द्वितीय सप्ताह से आयोजित होगी। अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि समयान्तर्गत छात्रों की यदि आवश्यक हो अतिरिक्त कक्षायें चलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना, आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराना इत्यादि सुनिश्चित करे।

02 विश्वविद्यालय नियमानुसार उपरोक्त सत्रों से सम्बन्धित विद्यार्थी ही परीक्षा फार्म भरे तथा विद्यार्थी एक साथ दो पूर्ण वर्षों (भूतपूर्व छात्र तथा मुख्या परीक्षा के रूप में) के परीक्षाफार्म नहीं भर सकता। यदि कोई विद्यार्थी ऐसा करता है तो उसका परीक्षाफार्म स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

03 परीक्षाफार्म एवं परीक्षा शुल्क ऑनलाइन माध्यम से ही भरना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में ड्राफ्ट इत्यादि स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना परीक्षा शुल्क जमा करें फार्म नहीं भरा जायेगा।

04 समस्त विद्यार्थी परीक्षा फार्म के साथ शैक्षिक प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करें।

05 प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/विद्यार्थी यह भी सुनिश्चित करे लें कि वैकल्पिक विषय का चयन स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही चयनित किया जाए अन्यथा सम्बन्धित महाविद्यालय/छात्र की जिम्मेदारी होगी।

06 विद्यार्थियों द्वारा परीक्षाफार्म में अपनी फोटो, हस्ताक्षर, जन्मतिथि, जाति, पत्राचार का पता, मोबाइल नं0, ई–मेल, केवल वैकल्पिक विषय कोड, स्त्री/पुरूष त्रुटिवश गलत भर दिये जाने पर महाविद्यालय/संस्थान अपने लॉगिन आई0डी0 से संशोधित किया जाना सुनिश्चित करें। छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय में न भेजा जाये।

07 समस्त सम्बन्धित विद्यार्थियों को परीक्षाफार्म भरते समय अपना फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। विद्यार्थी अपने परीक्षाफार्म पर अलग से फोटो न चिपकाये अन्यथा की दशा में परीक्षाफार्म निरस्त समझा जायेगा। विद्यार्थी अपना परीक्षाफार्म ध्यान से भरें क्योंकि परीक्षाफाम केवल एक बार ही भरा जायेगा।

08 परीक्षा फार्म भरने के उपरान्त विद्यार्थी परीक्षाफार्म का प्रिंट निकाल ले। परीक्षाफार्म की एक हार्ड कॉपी महाविद्यालय/संस्थान को जमा कराये (ऑन लाईन पोर्टल से सत्यापित हेतु) एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखे।

09 छात्र द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म को पोर्टल पर ऑनलाइन कन्फर्म करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय/संस्थान की पूर्ण जिम्मेदारी होगी।

10 महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों में यदि उपरोक्त वर्णित निर्देशों का अनुपालन न होने से किसी छात्र का परीक्षा फार्म निरस्त होता है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र तथा महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक की होगी। विश्वविद्यालय इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

11 परीक्षा फार्मो को रोल लिस्ट के अनुसार अनुकमांक व नामांकन संख्या अंकित कर बडते अनुकमांक के कम में ही लगा कर प्रेषित करे। अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगे।

12 महाविद्यालय/संस्थान द्वारा माइग्रेसन व माइग्रेसन फार्म एक साथ सलग्न कर सूची बनाकर प्रेषित करें साथ ही माइग्रेसन फार्म पर व माइग्रेसन के पीछे भी विद्यार्थी का अनुकमांक तथा नामांकन संख्या आवश्यक रूप से अंकित कर प्रेषित करें ताकि माइग्रेसन गुम न हो अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगें।

13 महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को प्राप्त कराये गये परीक्षाफार्मों एवं नोमिनल रोललिस्ट की एक छायाप्रति अपने कार्यालय में सुरक्षित रखना सुनिश्चित करे।

14 महाविद्यालय/संस्थान द्वारा पोर्टल पर बिना कन्फर्म किये गये परीक्षाफार्म प्रेषित न किया जाये अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

15 मुख्य परीक्षा/बैक परीक्षा/भूतपूर्व परीक्षा के अर्ह विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अलग-अलग पेकिट बनाकर प्रेषित करें। अन्यथा परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय/संस्थान की होगी।

16 महाविद्यालय/संस्थान यह भी सुनिश्चित करें उपरोक्त सत्रों के मुख्य/बैक/भूतपूर्व परीक्षा फार्म ही लॉगइन आई0डी0 से कन्फर्म करे इतर सत्रों के परीक्षा फार्म जो विद्यार्थी अर्ह नही है, उनके परीक्षा फार्म कन्फर्म न करें।

नोट– प्रथम वर्ष (बैक/भूतपूर्व) तथा द्वितीय वर्ष (मुख्य/बैक/भूतपूर्व) परीक्षा फार्म के साथ मूल माइग्रेसन संलग्न न करे।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय/संस्थान संचालित (बी0एड0 पाठ्यक्रम), सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वैयक्तिक सहायक कुलपति को, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियत्रंक को, परीक्षा नियत्रंक जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
6. प्रभारी कम्प्यूटर सेण्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रबन्धक/प्रभारी, अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)